भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1472**
**28.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**ऑटोमोबाइल और ऑटो पुर्जों के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना**

**1472 श्री पी. पी. चौधरी:**
**श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) ऑटोमोबाइल और ऑटो पुर्जों के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत अनुमानित परिव्यय के मुकाबले प्राप्त हुए संचयी निवेश का ब्यौरा क्या है;
(ख) सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्रेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नई स्वीकृत योजना के अंतर्गत वैश्विक निविदा की वर्तमान तकनीकी प्रगति का ब्यौरा क्या है; और
(ग) प्रमुख एजेंसियों में राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण अवसंरचना के उन्नयन के लिए लक्षित पूंजीगत आवंटन राशि के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) :** सरकार ने 23.09.2021 को उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी (एएटी) उत्पादों के लिए भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से ₹25,938 करोड़ के बजटीय परिव्यय के साथ भारत में ऑटोमोबिल एवं ऑटो संघटक उद्योग के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई-ऑटो) स्कीम को मंजूरी प्रदान की । 31.03.2026 तक अनुमोदित आवेदकों द्वारा 31.03.2027 तक निर्धारित ₹42,500 करोड़ के निवेश लक्ष्य के मुकाबले ₹44,326 करोड़ का निवेश दर्ज किया गया है ।

**(ख) :** सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) विनिर्माण संवर्धन स्कीम के अंतर्गत प्रस्ताव अनुरोध दस्तावेज (आरएफपी) 20 मार्च, 2026 को प्रकाशित किया गया।

**(ग)** : पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत ऑटोमोटिव परीक्षण एजेंसियों के उन्नयन हेतु पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए अनुदान के रूप में ₹780 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 20.07.2026 तक इन परीक्षण एजेंसियों को ₹16.63 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है।

..*****